प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्व विधेयक सदन के पटल पर रखे जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि सरकार एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा कर रही है जो लोकतंत्र को मजबूत करे और देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को रवाना किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत रेलगाडियां भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव रख रही हैं। हर भारतीय को वंदे भारत ट्रेन पर गर्व है।

****

घाटशिला विधानसभा उप चुनाव का प्रचार कल समाप्त हो जाएगा। ऐसे में एनडीएऔर महागठबंधन ने अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और कल्पना सोरेन आज मउभंडार में झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के लिए विशाल जनसभा कर रहीं है तो एनडीए के भी कई बड़े नेता भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के लिए रैलियां कर रहे हैं।

****

झारखंड कांग्रेस राज्य सरकार में पार्टी कोटे से शामिल सभी चार मंत्रियों के कार्यों की समीक्षा करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इसे लेकर सभी मंत्रियों से अपने अपने विभागों में किए गए कार्यों और उपलब्धियों का ब्यौरा मांगा है। पार्टी के महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि संगठन तथा मंत्रियों के कार्यों की समीक्षा सामान्य प्रक्रिया है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज नई दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी से उनके आवास में मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैय्या नायडू से भी भेंट की।

****

दुमका जिले में इस महीने की 12 तारीख से शुरु होने वाले रक्तदान शिविर अभियान को लेकर व्यापक रणनीति बनायी जा रही है। औऱ ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

खूंटी जिले में दो नवंबर को रनिया थाना प्रभारी के साथ हुई मारपीट मामले में पुलिस ने दो औऱ आऱोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अन्य फरार आऱोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पहले पकड़े गए छह आऱोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

****

आबकारी विभाग ने बोकारो जिले के जरीडीह थाना स्थित बारीडीह में एक बंद क्रशर में छापेमारी कर लगभग साठ लाख रुपए की नकली शराब बरामद की।

****

राजधानी रांची में आय़ोजित राज्यस्तरीय स्कूली बैंड प्रतियोगिता के ब्रास बैंड बालिका वर्ग में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खूंटी तथा बालक वर्ग में संेट जेवियर्स इंटर कॉलेज, पश्चिमी सिंहभूम चैंपियन बनी। वहीं, पाइप बैंड के बालिका वर्ग में रांची के कांके स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय औऱ बालक वर्ग में रांची का केराली स्कूल विजेता रहा।

****